राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने बिहार मंत्रिपरिषद् के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

पटना, 09 फरवरी 2021

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज बिहार मंत्रिपरिषद् के 17 सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ–ग्रहण–समारोह राजभवन परिसर स्थित राजेन्द्र मंडप में आज अपराह्न 12:30 बजे से आयोजित किया गया था।

बिहार मंत्रिपरिषद् के सदस्य के रूप में आज सैयद शाहनवाज हुसैन, श्री श्रवण कुमार, श्री मदन सहनी, श्री प्रमोद कुमार, श्री संजय कुमार झा, श्रीमती लेशी सिंह, श्री सम्राट चौधरी, श्री नीरज कुमार सिंह, श्री सुबाष सिंह, श्री नितिन नवीन, श्री सुमित कुमार सिंह, श्री सुनील कुमार, श्री नारायण प्रसाद, श्री जयंत राज, श्री आलोक रंजन, मो॰ जमा खान एवं श्री जनक राम को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शपथ–ग्रहण–समारोह में माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री तारकिशोर प्रसाद, माननीय उप मुख्यमंत्री श्रीमती रेणु देवी, बिहार विधान सभा के अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा, बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति श्री अवधेश नारायण सिंह, बिहार सरकार के कई माननीय मंत्रिगण, पूर्व मुख्यमंत्री श्री जीतनराम माँझी, पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं राज्यसभा सांसद श्री सुशील कुमार मोदी, बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं माननीय सांसद डॉ॰ संजय जायसवाल, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं लोकसभा सांसद श्री राजीव प्रताप रूडी, माननीय सांसदगण–विधायकगण–विधान पार्षदगण, बिहार के कई पूर्व मंत्रिगण, विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्ष एवं प्रतिनिधि–पदाधिकारीगण, विभिन्न आयोगों, समितियों, निकायों के अध्यक्ष, सदस्यगण, राज्य सरकार के वरीय अधिकारीगण, राजनीतिक दलों के नेता–कार्यकर्त्तागण, गणमान्य अतिथिगण आदि भी उपस्थित थे।

महामहिम राज्यपाल ने माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की सलाह पर मंत्रियों के बीच विभागों को भी आवंटित करने का आदेश निर्गत कर दिया है। इसके मुताबिक, माननीय मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार के पास सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन एवं ऐसे सभी विभाग जो किसी को आवंटित नही हैं रहेंगे।

आगे पृष्ठ....2 पर

श्री तारकिशोर प्रसाद, माननीय उप मुख्यमंत्री को वित्त, वाणिज्य कर एवं नगर विकास एवं आवास विभाग, श्रीमती रेणु देवी, माननीय उप मुख्यमंत्री को आपदा प्रबंधन एवं पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, श्री विजय कुमार चौधरी, माननीय मंत्री को शिक्षा एवं संसदीय कार्य विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, माननीय मंत्री को ऊर्जा तथा योजना एवं विकास विभाग, श्री अशोक चौधरी, माननीय मंत्री को भवन निर्माण विभाग, श्रीमती शीला कुमारी, माननीया मंत्री को परिवहन विभाग, श्री संतोष कुमार सुमन, माननीय मंत्री को लघु जल संसाधन एवं अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण, श्री मुकेश सहनी, माननीय मंत्री को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, श्री मंगल पाण्डे को स्वास्थ्य विभाग, श्री अमरेन्द्र प्रताप सिंह, माननीय मंत्री को कृषि विभाग, डॉ॰ रामप्रीत पासवान, माननीय मंत्री को लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, श्री जिवेश कुमार, माननीय मंत्री को श्रम संसाधन तथा सूचना प्रावैधिकी विभाग, श्री रामसूरत कुमार, माननीय मंत्री को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सैयद शाहनवाज हुसैन, माननीय मंत्री को उद्योग विभाग, श्री श्रवण कुमार, माननीय मंत्री को ग्रामीण विकास विभाग, श्री मदन सहनी, माननीय मंत्री को समाज कल्याण विभाग, श्री प्रमोद कुमार, माननीय मंत्री को गन्ना उद्योग एवं विधि विभाग, श्री संजय कुमार झा, माननीय मंत्री को जल संसाधन तथा सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, श्रीमती लेशी सिंह, माननीया मंत्री को खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, श्री सम्राट चौधरी, माननीय मंत्री को पंचायती राज विभाग, श्री नीरज कुमार सिंह, माननीय मंत्री को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, श्री सुबाष सिंह, माननीय मंत्री को सहकारिता विभाग, श्री नितिन नवीन, माननीय मंत्री को पथ निर्माण विभाग, श्री सुमित कुमार सिंह, माननीय मंत्री को विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, श्री सुनील कुमार, माननीय मंत्री को मद्य निषेद्य, उत्पाद एवं निबंधन विभाग, श्री नारायण प्रसाद, माननीय मंत्री को पर्यटन विभाग, श्री जयंत राज, माननीय मंत्री को ग्रामीण कार्य विभाग, श्री आलोक रंजन, माननीय मंत्री को कला संस्कृति एवं युवा विभाग, मो॰ जमा खान, माननीय मंत्री को अल्पसंख्यक कल्याण विभाग तथा श्री जनक राम, माननीय मंत्री को खान एवं भूतत्व विभाग आवंटित किया गया है।

....